संचार मंत्रालय
MINISTRY OF
**COMMUNICATIONS**

सत्यमेव जयते



# संचार मंत्री का संदेश

**अगस्त, 2025 संस्करण**
**नई दिल्ली**

यह पुनरुद्धार नवोन्मेष और अहम नीतिगत साझेदारियों से प्रेरित है, जो सकारात्मक, युवा-केंद्रित और भविष्योन्मुखी पारिस्थितिकी तंत्र को आकार दे रहा है। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) अपने विश्वसनीय साझेदारों के साथ मिलकर स्वदेशी 4जी (मोबाइल दूरसंचार तकनीक की चौथी पीढ़ी) और 5जी (पांचवीं पीढ़ी का मोबाइल नेटवर्क) को गति दे रहा है, उद्यम समाधान विकसित कर रहा है तथा शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी से युवाओं के लिए अवसर उत्पन्न कर रहा है। एक अन्य उपलब्धि नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन है, जिसके तहत तेल शोधन क्षेत्र में देश का पहला गैर-सार्वजनिक 5जी कैप्टिव नेटवर्क स्थापित किया जाएगा। यह औद्योगिक आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो पूर्वोत्तर में रोजगार और कौशल को बढ़ावा देगा।

मुझे यह बताते हुए अत्यंत गर्व की अनुभूति हो रही है कि इस बदलाव के असली नायक भारत संचार निगम लिमिटेड के सभी 32 सर्किल के कामगार, इंजीनियर, लाइनमैन और लीडर हैं। अत्यंत कठिन परिस्थितियों में उनके कठोर परिश्रम से इस पुनरुद्धार को गति मिली है। उनके द्वारा उन्नत किए गए हर टावर, बिछाए गए हर फाइबर और हर ग्राहक को उनकी सेवा ने बीएसएनएल को आज इस मुकाम पर पहुंचाया है।

अब आगे बढ़ते हुए हमें और विकसित होना है। अधिक संख्या में लोगों को और बेहतर सेवा प्रदान करनी है, जिससे हम अपनी गुणवत्ता स्तर बढ़ा सकें। भारत संचार निगम लिमिटेड को गुणवत्ता के सिक्स सिग्मा मानकों (दोष-त्रुटियों की पहचान कर उन्हें दूर करने तथा गुणवत्ता एवं दक्षता बढ़ाने) के प्रति प्रतिबद्ध होना होगा। कॉल ड्रॉप (फोन कॉल के दौरान अचानक संपर्क टूट जाना) में उल्लेखनीय कमी आई है, संपर्क स्थापित करने की गति बढ़ी है और इसके डाउनटाइम (रुकावट का समय या अनुपयोगी अवधि) में भी कमी आई है। देशभर में स्वदेशी 4जी मोबाइल दूरसंचार तकनीक के कुशल उपयोग के बाद अब हमें भविष्य के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम में चरणबद्ध रूप से 5जी लागू करना, सुरक्षित उद्यम समाधान, नए औद्योगिक मॉडल और कर्मचारियों के विकास एवं कल्याण पर अधिक ध्यान केंद्रित करना है।

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) दूरसंचार सेवा प्रदाता से कहीं अधिक बढ़कर है। यह एक ऐसा ब्रांड है जिसने सबसे पहले पूरे भारत को संचार संपर्क से जोड़ा। उत्कृष्ट सेवा प्रदान करते हुए यह अभी सस्ती, समावेशी और विश्वसनीय दूरसंचार संपर्क सेवा दे रहा है। जहां निजी कंपनियां केवल मुनाफे वाले क्षेत्र ढूंढती हैं, वहीं बीएसएनएल जनता और राष्ट्रीय नेटवर्क के रूप में दृढ़ता से कायम है। हम सबके सामूहिक सहयोग से भारत संचार निगम लिमिटेड भारत के डिजिटल भविष्य के मेरूदंड के रूप में दृढ़ता से अपनी भूमिका निभाने को तत्पर है।

जय हिंद
भवदीय,
**ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया**
संचार मंत्री, भारत सरकार